There is no such procedure. I wanted to make a Special Mention on th$_e$ question of expenses involved in connection with the Commonwealth Prime Ministers' Conference. I would like to make this Special Mention tomorrow and I would like to have a commitment from you. Otherwise, it will mean, you are shielding the Government. It is clear. You do not want that this mater should be discussed, the question of the expenses involved. Rs. 200 crores are being . . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This will not go on record.

SHRT SURESH KALMADI:*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have not allowed you the Special Mention. Therefore, I do not want to. encourage this practice that when I disallow a thing in the Chamber* the same thing is raised by some Member in the House. Then, the purpose, of disallowing i$_s$ not there, you have not given me any facts and figures in regard- to the allegation you are making in your statement. I do not know what are the facts. Therefore, I have not allowed. Please do not repat it. I have not allowed it.

श्री शिव चन्द्र झा : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है। सदन के नेता न अभी कहा है कि यहां पर विषयों का निर्णय मेरिट पर किया जाता है और सरकार एम्बेरेसिंग सिचुएशन में न आये यह बात सामने नहीं रखी जाती है। मैं आप से पूछना चाहता हूं और नेता से भी पूछना चाहता हूं कि यदि कर्नाटक डिफेक्शन वाले मामले पर हम लोग वाक्-आउट नहीं करते तो क्या आप कालिंग अटेंशन या किसी रूप में उसे मानने के लिये तैयार थे ?

श्री उपसभापति : गलत बात कहते हैं।

श्री शिव चन्द्र झा : सुनिये। टेलो का प्रश्न हम लोग सामूहिक रूप से नहीं उठाते तो क्या उसकी मेरिट के आधार पर आप डिस्कशन एलाउ करने जा रहे थे ? तो साफ है कि यदि हम लोग कलेक्टिवली किसी बात को पिनपोइंट करते हैं तब आप को मेरिट मालूम होती है, यदि इंडीवीजुअली करते तो, हैं जैसा मैंने आज कहा...

श्री उपसभापति : ठीक है, बैठिये।

श्री शिव चन्द्र झा : मेरिट के आधार

MR. DEPUTY CHAIRMAN; Please do not record this.

SHRI SHIVA CHANDRA JHA:*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat. I will not allow this portion of Mr. Jha to go on record.

*Not Recorded.

CALLING ATTENTION TO A MAT. TER 01 URGENT PUBLIC IMPOR-TANCE

The law and order situation in various parts of the country with special reference to recent bomb blasts and incidents of crime i$_Q$ Delhi

श्री सत्यपाल मलिक (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, देश के विभिन्न भागों, विशेष रूप से हाल में दिल्ली में बम विस्फोटों और अपराध की बढ़ती हुई घटनाओं के संदर्भ में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति तथा इस बारे में सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही की ओर मैं गृह मंत्री का ध्यान दिलाता हूं।

E MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI NIHAR RANJAN LASKAR): Sir, the overall law and order situation in the country has not shown any marked deterioration. There has not been any

[Sbri Nihar Ranjan Laskar] major law and order situation in most parts of the country in the last few months in spite of the agitational approach adopted by some sections. Sometimes the State sponsored agitations do create problems.

The situation in Assam has shown perceptible improvement after the assumption of office by the popular Government. The Assam Government's steps to restore normalcy has been yielding results and barring a few stray incidents recently of bomb explosion, the situation continues to improve. The situation in the other North-East States and Union Territories has also shown considerable improvement.

The law and order situation in Punjab had been vitiated on account of activities of extremists and terrorists in the State. As the Hon'ble Members are aware, after the promulgation of President's rule in the State, the law enforcing authorities have been vested with additional powers to deal with the situation and various steps initiated by the State Government are eNpected to yield results.

The general law and order situation in Delhi is kept under constant review. The overall crime situation in Delhi has shown gentral improvement since 1980 though during the current year there is a marginal increase of crimes of certain categories. Recently there have been some incidents of bomb explosions which are under investigation. Many steps have been taken by Delhi Police to check the incidents of crime. These steps include increased vigilance, intensification of foot and mobile patrolling, action under preventive section of Cr. P. C. against bad characters and criminals, closer surveillance over known criminals and better liaison with police authorities of other States.

The maintenance of law and order though primarily is the responsibility of the State Governments, the Central Government also gives utmost priority to this subject. The State Government are advised and alerted suitably from time to time by the Central Government. The assistance of Central Police forces is also made available to them as and when asked for. I may assure the Hon'ble House that close vigilance on the law and order situation in the country is being maintained.

श्री सत्यपाल मलिक : श्री मान्, कानून और व्यवस्था का प्रश्न जो आज हम लोगों के सामने बहस के लिए है उस पर विचार करते समय मैं उम्मीद करता था कि माननीय गृह मंत्री जी इस विषय की व्यापकता के हिसाब से जवाब देंगे। उन का जवाब एक तरह से एक एस० एच० ओ० का जवाब है, देश के गृह मंत्री का जवाब नहीं है। इस वक्त देश में जितने किस्म की हिंसा और जिस तरह के अपराध हो रहे हैं, जिस तरह का कानून और व्यवस्था की स्थिति है वह सिर्फ पुलिस के जरिये या प्रशासनिक स्तर पर अगर डील करें तो यह मसला हल होने वाला नहीं है। आज देश में हिंसा का और कानून और व्यवस्था के टूटने की कितनी ही शक्लें हैं। माननीय गृह मंत्री जी मानेंगे कि पिछले दिनों में देश में सांप्रदायिक हिंसा बढ़ी है। जो त्योहार, जलसे और जलूस होते थे। जो पहले शांति और भाई चारे से निपट जाते थे अब वह किसी भी शहर में शांति से नहीं निपट पाते हैं किसी भी शहर में जलूस निकलता हो चाहे वह देवी दुर्गा की प्रतिमा का हो या मोहर्रम का उसमें जो समाज के बेहतर लीग थे जो उस का नेतृत्व करते थे और शांति से उस काम को निपटा देते थे आज वे सब इरिलिवेंट हो गये हैं और गैर-जिम्मेदार लोग, अपराधी प्रवृत्ति के लोग आज नेता हो गये हैं और मामूली आदमी भी कह सकता है कि जहां आजादी की लड़ाई के दौरान या उस के बाद में कभी भी दंगे नहीं देखे जाते थे आज उन कस्बों में और उन शहरों में हम दंगे देख रहे हैं और आज वहां दंगे हो रहे हैं। इसी तरह से जातीय संघर्ष हैं, सामाजिक और आर्थिक प्रश्नों

को ले कर लड़ाइयां हो रही है, आसाम में जो हो रहा है यदि वैसा योरप के किसी मुल्क में होता तो उथल-पुथल हो जाती। इस के अलावा गरीब सूबे हैं। उत्तर प्रदेश है। बिहार है। वहां जातीय संघर्ष हैं। जमीन को ले कर के उस के बंटवारे का प्रश्न है। लेकिन जब उन पर चर्चा होती है तो सरकार चुप्पी साध लेती है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार जब कानून और व्यवस्था के मामले पर तसल्ली के साथ बैठ जाती है और सोच लेती है कि सब ठीक है तो मैं उस से असहमत हूं और मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगर मुल्क में बेहतर सरकार चलाना है, लोगों की रक्षा करनी है तो आज सांप्रदायिक सद्भाव का खात्मा, गरीब लोगों को अधिकारों का न मिलना, समाज में ताकतवर तत्वों के अंदर एक अजीब किस्म की स्फूर्ति और कमजोर आदमियों में एक घबराहट, जमीन का सही तरीके से बंटवारा न होना, इन सारे मुद्दों को हल करने के लिए गृह मंत्रालय को एक दृष्टि रखनी चाहिए कि आप अकेले देश में कानून और व्यवस्था की स्थिति को नहीं चलाते या संभालते जब तक कि आप चाहे वे फैक्ट्री मजदूरों के मसले हों या खेती मजदूरों के उन की तरफ आप ध्यान नहीं देते। यह एक आम बात और एक बुनियादी बात मैं कहना चाहता हूं।

अब जो राजनीतिक उग्रवाद बढ़ रहा है चाहे वह दिल्ली में बम विस्फोट हो या पंजाब में, उस से डील करने की कोई इच्छा शक्ति मुझे दिखायी नहीं देती और मैं यह मानने के लिए तैयार नहीं कि आप ने पंजाब में राष्ट्रपति शासन फिर दिया तो इस से वहां की स्थिति सुधर गयी। यह बात मैं नहीं कहता, दरबारा सिंह जी ने यही बात एक इंटरव्यू में कही है कि कोई फर्क उस के बाद नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा है कि जो लोग पकड़े गये हैं वे पेटी क्रिमिनल्स हैं। कोई एक्सट्रीमिस्ट नहीं पकड़ा गया है। जो उग्रवादी थे पंजाब के, उन के हौसले में कोई कमी नहीं आयी है। उन के जो मोडसअपरेंडी हैं वह और ज्यादा सोफिस्टिकेडेड हो गये हैं। आज से पहले वे मोटर साइकल पर कत्ल करते थे और अब, अभी एक कांग्रेस लीडर की कार में बैठ कर उन्होंने कत्ल किया है। मैं उन में से नहीं हूं कि जो यह समझते हैं कि स्वर्ण मंदिर में घुसने से ही पंजाब का मसला हल हो जायगा, हालांकि आप को एक मौका था वहां घुसने का। मैं इस बात को नहीं मानता कि राजनीतिक मसलों को सुलझाये बगैर सांप्रदायिक सदभाव को कायम किये बगैर इस उग्रवाद से आप सिर्फ पंजाब पुलिस के बल पर ही निपट सकते हैं। ऐसा मैं यकीन नहीं करता। लेकिन मैं अपनी बात को छोड़ भी दूं तो रुस्तम जी जो एक बहुत मशहूर आदमी रहे हैं, आई जी रहे हैं मध्य प्रदेश के और गृह मंत्रालय में भी रहे हैं और जिन की राय का आदर किया जाता है प्रशासनिक सर्किल में, तो उन का कहना है कि जिस समय डी आई जी अटवाल की हत्या हुई थी उस वक्त वाजिब मौका था कि जब पुलिस स्वर्ण मंदिर में घुस कर अपराधियों को गिरफ्तार कर सकती थी। मैं उन की राय से सहमत हूं, लेकिन अगर आप को उन से निपटना है तो राजनीतिक और सांप्रदायिक जो मसले हैं उन को हल करने के लिये, तीनों स्तरों पर, राजनीतिक, सांप्रदायिक और प्रशासनिक, तीनों मोर्चों पर सरकार में मुझे कोई इच्छा शक्ति नहीं दिखायी देती और मुझे नहीं दिखायी देता कि वे उस मामले का हल करना चाहते हैं या इस काम में वे कामयाब होन चाहते हैं।

[श्री सत्यपाल मलिक]

अब मैं दिल्ली की तरफ आना चाहता हूं। सारे देश में जो कानून और व्यवस्था की स्थिति है, दस मिनट में उस पर बहस नहीं हो सकती। गांवों में किस प्रकार लोग घरों पर बैठ कर रात गुजारते हैं, रात भर छतों पर बैठे रहते हैं इस का जिक्र करने की जरूरत नहीं। किसान के ट्रांसफार्मर और उस के बैल और उस की गाय चोरी होती है और जो सारी स्थिति है बिहार की उस को बताने की जरूरत नहीं है। वहां 16 बार फायरिंग हुई है जब से वहां नयी सरकार आयी है। बिहार में आपने पढ़ा होगा अखबारों में, कि पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन हुए। आखिर में लाठी चार्ज हुआ, लाठी चली, गोली चली और उस के बाद पुलिस के लोगों ने दर्जन से ज्यादा महिलाओं के साथ सामूहिक रूप से बलात्कार किया और अभी तक किसी को भी सजा नहीं दी गयी। लेकिन यह रोजमर्रा की चीजें हैं, जिनके अब हम लोग आदी हो गए हैं। मैं उन सारी घटनाओं का जिक्र इस वक्त नहीं कर सकता हूं लेकिन मैं इतना अवश्य कह सकता हूं कि जो हमारे गांव हैं, जो दूर दराज के इलाके हैं उनमें पुलिस प्रोटेक्शन का नहीं जुल्म का प्रतीक बन गई है। किसी पुलिस थाने में शरीफ आदमी रिपोर्ट कराने से डरता है। कम से कम आज पुलिस कमजोर तबकों के लिए, अहीर, कुर्मी, जाटव, चमार और तमाम गरीब लोगों के लए डर का कारण बन गई है। उत्तर प्रदेश में और बिहार में तो उनको ऐक्स्ट्रीमिस्ट बताकर, डकैत बताकर बड़े पैमाने पर मारा गया। उत्तर प्रदेश में पिछले तीन साल में चार हजार से अधिक लोग गिरफतार किए गए लेकिन फूलन देवी को गिरफतार नहीं किया गया। एक सूबा तो उसकी टोह में है तो दूसरा सूबा उसकी फिल्म बनवाने के लिए तैयार है। एक सूबे की पुलिस चाहती है कि किसी बंबई के सेठ को उसकी कहानी देकर उसकी फिल्म बनाई जाए। और ये दोनों सूबे आपकी सरकार के हैं, वहां आपकी सरकारें, मगर दोनों में ताअहली की प्रतीक पुलिस बन गई। मैं दिल्ली की बात की और आकर अपनी बात खत्म करना चाहता हूं।

श्रीमन्, जिस तरह का क्रम आज क्राइम बढ़ने का है, मैं उसका जिक्र नहीं करता। पहले तो दिल्ली में थप्पड़, चांटे की घटनायें थीं, फिर आये छोटे हथियार जो देहातों में बनते थे, कस्बों में बनते थे, देसी रिवाल्वर। अब वह भी नहीं रहे। अब बढ़िया रिवाल्वर भी नहीं है, अब जितने प्राहिबिटेड बोर हैं, 455 रिवाल्वर है, वह क्रिमिनल्स के पास हैं। स्टेनगन मेरठ, गाजियाबाद और दिल्ली में क्रिमिनल्स के पास हैं और हम पार्लियामेंट के मैम्बर अपनी रक्षा करना चाहते हैं तो मंत्रिमंडल का फैसला होता है कि एम0 पी0 को कारबाइन का लाइसेंस नहीं दे सकते। आप नागरिकों को हथियार नहीं देंगे और क्रिमिनल्स को आप रोक नहीं सकते, उसका नतीजा यह है कि दिल्ली में साफिस्टिकेटेड गैंग आपरेट कर रहे हैं चाहे रोड हांल बम हो या बैंक रोबरी हो, ये सारी घटनाएं जुड़ी हुई हैं। मैं सारी दिल्ली की बात छोड़कर प्रधान मंत्री के घर के 10 कि0 मी0 के इर्द-गिर्द जो क्राइम हुआ है, उसकी जानकारी मंत्री महोदय से चाहता हूं।

1980 के पश्चात प्रधान मंत्री का घर सब से ज्यादा ताकतवर माना जाता है। उसके 10 किलोमीटर इलाकों के अन्दर के चार-छह क्राइम आपको गिनाना चाहता

हूं। श्री ज्योतिर्मय बसु के घर में चोरी होती है, उनका मकान प्रधान मंत्री के घर से 6 किलोमीटर पर है। मधु दंडवते के घर में चोरी होती है, उनका मकान 6 किलोमीटर पर है। अशोक रोड पर पहले गृह राज्य मंत्री श्री एफ० एच० मोहसिन साहब के यहां कोई साथी रहते हैं, उनका असलहाचोरी हो जाता है, कोई गिरफ्तारी नहीं। मैं इन मामलों को पर्सनली जानता हूं कि पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। प्रधान मंत्री के घर से 2 सौ कदम की दूरी पर एक एम० पी० के मकान में क्रिमिनल्स पकड़े जाते हैं, एम० पी० का सेक्रेटरी गिरफ्तार होता है, एम० पी० जमानत देता है, कोई एक्शन नहीं। प्रधान मंत्री का नाम मैं नहीं लूंगा। वह गलती हो जाएगी, लेकिन दूसरे सदन के एक माननीय सदस्य का सगा साला गिरफ्तार होता है। यह बहुत दिलचस्प घटना है। दिल्ली की पुलिस कभी किसी को नहीं पकड़ती। कभी किसी की वांईचांस पिटाई में कोई बात पता चलती है तो कोई गैंग पकड़ा जाता है। उसकी थोड़ी बहुत पिटाई हुई तो वह दो दर्जन हत्याओं में, दो, तीन यहां और कुछ मेरठ में, तथा आधारें दर्जन बैंक डकैतियों में शामिल था, यहां तक कि मेरठ जिले के डिप्टी जेलर को एक क्रिमिनल के कहने से इस गैंग ने मारा। उसने बताया कि मैं इस गैंग के साथ आपरेट करता हूं। मेरी यह जानकारी है और मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि उस गैंग का एक सरगना जो मेरठ में मारा गया उसको लीडर बना कर उसकी हत्या की जांच के लिए उस संसद सदस्य ने चिट्ठी लिखी। दर्जनों कत्लों में शरीक गैंग्स्टर जब मारा गया तो उसकी जांच सी० बी० आई० को दी गयी। क्योंकि वह एक बड़ा आदमी था, उसकी हत्या की जांच सी० बी० आई० को दी गई।

मैं निवेदन यह करना चाहता हूं कि जब यह हालत प्रधानमंत्री के घर के चारों तरफ है, उनके इलाके की है तो बाकी दिल्ली की क्या हालत होगी इसका आप अंदाजा लगा सकते हैं। सारी पुलिस डिमोरलाइज्ड है। कोई आप की तरफ से इंसेन्टिव पुलिस वालों को नहीं है लोगों के क्राइम्स को प्रिवेंट करने के लिए या उसकी जांच करने के लिये। यह बात ठीक है कि यहां दिल्ली में पुलिस दिल्ली के नागरिकों के अनुपात में सबसे ज्यादा है, इक्यूपमेंट सबसे ज्यादा सोफिस्टीकेडेड हैं। लेकिन उनकी ड्यूटी ऐसी है कि वे कभी कामयाब नहीं हो सकते। ज्यादातर पुलिस का इस्तेमाल वी आई पीं को देखभाल के लिए हो जाता है, जुलूसों के इंतजाम में हो जाता है, या मिनिस्टर साहब की सुरक्षा करने में हो जाता है। उनके पचासों फंक्शन दिन में होते हैं इसलिए उनके लिये क्राइम को रोकना मुमकिन नहीं है।

मैं गृह मंत्री जी से जानकारी यह चाहता हूं कि पुलिस कमिशन की रिपोर्ट में क्या यह नहीं है कि प्रिवेन्शन, इन्वेस्टीगेशन और प्रोसीक्यूशन, इन तीनों के लिए अलग-अलग फोर्स हो ? जब तक आप यह नहीं करेंगे तब तक कुछ होने वाला नहीं है। पुलिस एक अपराधी को जेल तक लाती है। बाद में पता चलता है वह अपराधी तिहाड़ जेल से छूट गया है। वह अपराधी तिहाड़ जेल से निकल कर हिंसा, क्राइम करते हैं। जिस तरह से हिंसा होती है, क्राइम होते हैं उसके बारे में चर्चा हो जाती है और वह बाद में खत्म हो जाती है।

[श्री सत्यपाल मलिक]

कुल मिलाकर जेल से जो अपराधी बाहर निकल कर आते हैं, भाग कर आते हैं वे बहुत बड़े गेंग्स-स्टर बन जाते हैं। तिहाड़ जेल से जितने नामी अपराधी छूटते हैं हिन्दुस्तान के किसी देहात की जेल से उतने नामी अपराधी कभी नहीं छूटे हैं। इसकी वजह यह है कि जो आपका प्रोसीक्यूशन सिस्टम है वह बड़ा इनअफेक्टिव है। पुलिस के लोगों के लिए जो व्यवस्था होनी चाहिए वह व्यवस्था नहीं है, न इन्वेस्टीगेशन के लिए है, न प्रिवेंशन के लिए है और प्रोसीक्यूशन के लिए है। मैं गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि दिल्ली में आज जो स्थिति हो गई है, म उन बम विस्फोटों को तफसील में नहीं जाना चाहता, स्थिति यह है कि आम आदमी जो आपके घर से दो कदम पर रहता है वह आज अपनी सुरक्षा महसूस नहीं करता। में आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप बाजार के नुक्कड़ पर खड़े हो जाइये और उस पर आने वाले लोगों को देखिये, 40 से कम उम्र के जो लोग हैं उनको आप देखेंगे तो पायेंगे कि 90 फीसदी का चेहरा देखकर दहशत होगी। वे अपने आप में भयानक दिखाई देंगे। बातचीत के बीच वे हिंसा पर उतारू हो जायेंगे और हथियारों की तरफ बढ़ जायेंगे। यह एक आम प्रवृत्ति दिल्ली में है क्योंकि दिल्ली एक बड़ा समुद्र है जहां सब तरह का प्रोटेक्शन रहता है। इसलिए मैं आप से कहता हूं कि दिल्ली की पूरी तरह से प्लानिंग करिये, इसको व्यवस्थित करिये। इसके साथ ही मैं कहना चाहता हूं दिल्ली के लेफ्टोनेंट गवर्नर कहते हैं कि रात को दिल्ली को सील कर देंगे। इससे क्या होता है। क्राइम करने वाला कभी भी कर सकता है। वह थोड़े दिन ठहर जायेगा, दिन में आ जायेगा, कोई भी रास्ता निकाल सकता है। जिस दिन पालम के पास रोबरी होती है उसका पता भी नहीं चलता कि कुछ समय के बाद आई आई टी के पास फेमली को लूट लिया जाता है। उसी एक महीने के अंदर कई वारदात हो जाती है लेकिन किसी का भी पता नहीं चलता। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि आज की सूरत में रात को निकलना नामुमकिन हो गया है। एक घटना जो बहुत दुखद है और शर्मनाक भी है वह मैं गृह मंत्री जी को बताना चाहता हूं। मुझे दूसरे सदन के विपक्ष के एक बहुत माननीय और बुजुर्ग नेता ने बताई है। मैं उसका ब्यौरा आपको बाद में दूंगा। अगर सत्य है तो क्या यह दिल्ली को कानून और व्यवस्था पर कलंक नहीं है। उन्होंने यह बताया कि एक परिवार जिसको वह जानते हैं वह परिवार पिछले महीने दिल्ली में किसी सिनेमा हाल में सिनेमा देखने गया था। रात एक बजे सिनेमा खत्म हो जाता है। वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ सिनेमा देखने गये थे। जब वह कार के पास आते हैं तो उनको पता चलता है कि उनकी कार में पैट्रोल नहीं है तो इधर-उधर कोशिश करते हैं लेकिन कुछ नहीं होता है। सिनेमा भी बंद हो जाता है। इलाका सुनसान और उजाड़ हो जाता है। उसी समय चार लड़के उनके पास आते हैं और कहते हैं कि हमारे पास पेट्रोल है। यह पेट्रोल

ले लीजिए । वह हंसी खुशी पैट्रोल ले लेते हैं । इसके बाद उन लड़कों का वह शुक्रियादा करते हैं । इसके बाद हो वे लड़कों से कहते हैं कि इस पैट्रोल का क्या दाम है । लड़के हथियार निकालते हैं और कहते हैं कि इसको वसूली दाम से नहीं होगी या तो आप लड़की को छोड़ जाइये या बीबी को छोड़ जाइये । वह अपनी बीबी को छोड़ कर चले जाते हैं । बीबी तीन-चार दिन के बाद घर पहुंचती है। इज्जत बचाने की वजह से वह पुलिस में रिपोर्ट नहीं लिखवाते । वह भी सजा देने लायक है लेकिन यह घटना सच है मैं समझता हूं कि इससे भयानक कोई दूसरी घटना नहीं हो सकती है यह स्थिति दिल्ली की है हम तो यहां पर अपनी बात कहते रहते हैं और भाषण देते रहते हैं, लेकिन इससे दिल्ली की स्थिति में कोई सुधार होने वाला नहीं है उस परिवार ने आज भी पुलिस में रिपोर्ट नहीं लिखाई । आपको इस मामले की जांच करनी चाहिए । मैं उसकी जानकारी भी बता सकता हूं ।

आखिर में मैं यह कहना चाहता हूं कि आपने यह जो रिपोर्ट दी हैं उसमें दिल्ली की कानून और व्यवस्था की स्थिति के सबंध में आपने खुद माना हैं कि इधर स्थिति में कुछ बिगाड़ आया हैं । मैं यह जानना चाहता हूं कि दिल्ली में यह जो स्थिति बिगड़ी है इसका क्या कारण है ? एक्सट्रीमिस्टस का मामला अलग हैं । एक्स्ट्रीमिस्टस को पैर जमाने के लिए जगह चाहिए । असल में बाहर से जो क्रिमिनल्स दिल्ली में आते हैं और जो क्रिमिनल्स दिल्ली में है, उनके कुछ एरियाज हैं, जहां पर उनको शैल्टर मलती हैं । क्या आप इस प्रपोजल पर विचार करेंगे कि ऐसी अलग अलग एजेंसियां बनाई जाये जो दिल्ली के हर मुहल्ले का सरविलेन्स रखें और यह देखें कि यहां कौन व्यक्ति रहते हैं, उनके यहां कौन-कौन लोग आते हैं और उनकी गतिविधियां क्या हैं । अगर आप इसकी पूरी चैकिंग रखेंगे तो कुल मिलाकर जो दिल्ली की कानून व्यवस्था की मौजूदा स्थिति है उसमें सुधार लाने में मदद मिल सकती है । दूसरी बात मैं वह कहना चाहता हूं कि पुलिस कमीशन को रिपोर्ट में प्रिवेंशन , इवैस्टिगेशन और प्रोसेक्यूशन को अलग अलग करने के लिए सिफारिश की गई है, उसके संबंध में सरकार ने क्या निर्णय लिया है, यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए । इसके अलावा दिल्ली में जो बिना प्लानिंग का विकास हो रहा है, यहां पर इंडस्ट्रीज भी है और दूसरी चीजें भी हैं, इसके संबंध में आप क्या कदम उठा रहे हैं ? दिल्ली में पेटी क्राइम्स बहुत होते रहते हैं । इसलिए लीकर के बारे में तो पुलिस को पूरी जानकारी रहती है । इन सब समस्याओं के समाधान के लिए क्या आप कोई कम्प्रेहैंसिव प्लानिंग करेंगे जिससे दिल्ली में होने वाले क्राइम्स को रोका जा सके ?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think he will reply at the end if you all agree. Please note down the points.

SOME HON. MEMBERS: Yes.

श्री रामानन्द यादव (बिहार) : मान्यवर, माननीय मंत्री जी ने स्वयं यह स्वीकार किया है कि दिल्ली में... **(व्यवधान)** ।

DR. BHAI MAHAVIR: (Madhya Pradesh): Sir, the ruling party seems to be very greatly interested in the law and order situation in the country. The unoccupied benches are testimony to that.

SHRI RAMANAND YADAV: They are not discourteous like you. They have gone to see the Queen. The Queen of a friendly country is coming.

DR. BHAI MAHAVIR: The only discourteous person then is Shri Ramanand Yadav.

SHRI RAMANAND YADAV: They are not discourteous like you. Most of them have gone to see the Queen.

मान्यवर, माननीय मंत्री जी ने स्वीकार किया है कि दिल्ली में अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने यह भी बताया है कि आसाम की सिचुएशन में सुधार हुआ है। लेकिन ऐसा नजर आ रहा है कि इक्का-दुक्का बम ब्लास्ट की घटनाएं इधर-उधर होती रहती हैं और क्राइम्स भी होते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि क्राइम्स को रोकने के लिए समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। पोलिटिकल लेवल पर अगर संभव हो तो उसको ईज करने के लिए कोशिश होनी चाहिए। दिल्ली के संबंध में मैं बाद में जाऊंगा। पंजाब का सवाल भी हमारे सामने है। वहां पर क्राइम्स की पोजीशन के संबंध में जरूर कार्यवाही हुई है। जब से उस राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हुआ है तब से कार्यवाही हुई है। लेकिन पंजाब में यह जो घटनाएं हो रही हैं, उनमें जो क्राइम्स होते हैं, उन क्राइम्स में और दिल्ली में होने वाले क्राइम्स में फर्क है। कुछ क्राइम्स पोलिटिकल होते हैं, कुछ क्राइम्स इकनोमिक होते हैं और कुछ क्राइम्स होते हैं जो शौकिया तौर पर होते हैं। बहुत से ऐसे लोग हैं .. (**व्यवधान**) .. जी हां, बहुत से Rich people like you can take up again and commit dacoity. They develop that habit. They inculcate that habit. तो इस तरह के लोग हैं जो साइकलोजिकली इस तरह के माइंड के हो जाते हैं, धनिक होते हुए भी, संम्पन्न होते हुए भी, राजा होते हुए भी इस तरह करते हैं।

मान्यवर, आज जो पंजाब में घटनायें हो रही हैं, जो ट्रेनों का डीरेलमेंट हो रहा है, जो बसें हेल्ड-अप हो रहे हैं और जो आदमियों की हत्याओं की गई, खुले आम जो हत्यायें पुलिस के लोगों की हो रही हैं ये जो हैं यह पोलिटिकल क्राइम है और इस तरह के क्राइम को कंट्रोल करना थोड़ा मुश्किल होता है। इसमें सभी पोलिटिकल पार्टियों के लोगों को सहयोग देने की कोशिश करनी चाहिए। लेकिन ऐसा मुझे नजर नहीं आता है कि पंजाब की पोलिटिकल सिचुएशन को ईज करने के लिये विरोधी पक्ष साथ दे रहा है। अगर वे ठीक से सहयोग दें तो उस क्राइम्स को कंट्रोल किया जा सकता है। लेकिन एक तरफ तो कहेंगे कि वहां पर मर्डर्स हो रहे हैं, डकैतियां हो रही हैं, ट्रेनों की डीरेलमेंट हो रहा है, सैबोटाज हो रहे हैं और दूसरी तरफ उन्हीं लोगों से कहेंगे कि आप अपराध कीजिए। मैं कहना चाहता हूं कि इस मामले में इस तरह से दुधारू तलवार रखने से काम नहीं चलेगा। क्राइम्स को कंट्रोल करने में हमको, आपको, सब को सहयोग करना आवश्यक है। पंजाब के संबंध में वहां की सिचुएशन को कंट्रोल करने के संबंध में अपोजीशन का सहयोग बहुत जरूरी है। अगर हमें उनका सहयोग नहीं मिलता तो पंजाब में जो क्राइम हो रहे हैं, अकेले उनको कंट्रोल करना हमारी पार्टी के लिए, सरकार के लिये असंभव है। जैसा कि आप जानते हैं वहां की स्थिति को बिगाड़ने में बाहर की ताकतें, जिनका वहां खुद अपना निहित स्वार्थ है जो देश को डिस्टेलाइज्ड करना चाहती हैं, वे वहां पर ऐसे तत्वों की मदद कर रहे हैं। आप भी सरकार के साथ सहयोग करके बैकडोर से, पिछले रास्ते से उनकी मदद कर रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। अगर आप वहां की स्थिति पर कन्ट्रोल करना चाहते हैं तो खुले आम आप लोग ऐसे तत्वों की निंदा करें। पंजाब से

हमारा पाकिस्तान का बार्डर लगा हुआ है, यह सब जानते हैं। लेकिन खुले दिल से आप नहीं कहते कि वहां पर पाकिस्तान का हाथ है। पंजाब के सम्बन्ध में आप यह मानने के लिए तैयार नहीं हैं। आडवाणी साहब चले गये हैं, माथुर साहब हैं, कई दफा मैंने सुना और अखबारों में भी देखा कि वाजपेयी जी कहते हैं कि अगर पाकिस्तान का हाथ है तो प्रधान मंत्री इस संबंध में सबूत दें। लेकिन खुद जब आप भाषण देते हैं तो रात दिन कहते हैं कि साहब बाहरी हाथ है, पाकिस्तान का हाथ है। मैं आप से पूछना चाहता हूं कि पंजाब में जो स्थिति है आज क्या उसमें बाहरी हाथ नहीं है, बाहरी ताकतों का हाथ नहीं है ? जो आज वहां पर अपराध कर रहे हैं, जो ट्रेनों का डिरेलमेंट कर रहे हैं, बैंक लूट रहे हैं, लोगों की हत्यायें कर हे हैं क्या उनकी ट्रेनिंग पाकिस्तान में नहीं होती है। लेकिन आप में हिम्मत नहीं है यह कहने की क्योंकि आप वोट के लालच में पड़े हुये हैं। इसलिये आपकी हिम्मत नहीं है ; इसलिए मेरा आप से निवेदन है कि पंजाब की क्राइम की स्थिति को कन्ट्रोल करने के सम्बन्ध में आप सरकार को अपना सहयोग दें।

बिहार का जहां तक सवाल है, यह बात ठीक है कि वहां पर गोली अधिक चली है। लेकिन ऐसे अराजक तत्वों का दमन करने के लिये बिहार राज्य में कड़ी कार्यवाही की जा रही है। ऐसे ही तत्व जो तत्व... (**व्यवधान**)... अपराध करते थे उनके ऊपर पूरी कड़ाई की जाती है। उपसभापति महोदय, आपको सुनकर ताज्जुब होगा कि हमारे नये मुख्य मंत्री रात में स्वतः निकलते हैं और पटना शहर में पुलिस अधिकारियों के पास जाकर कहते हैं मेरे साथ अमुक जगह चलो। वे उन लोगों पर निर्भर नहीं करते। खुद कहते हैं कि इस मुहल्ले में चलो, वहां चलो और वहां जाकर इन्सपेक्शन करते हैं कि पुलिस अधिकारी ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं। नये मुख्य मंत्री ने इस तरह का काम शुरू किया है, कड़ाई की है, अधिकारियों को, जो ठीक से काम नहीं करते थे सस्पेंड किया है और हिदायत दी है कि अगर ला एंड आर्डर की सिचुऐशन कन्ट्रोल नहीं करोगे तो यह अच्छी बात नहीं होगी। यह बात ठीक है कि वहां पर एकानामिक लड़ाई भी है और कुछ लोगों के नक्सलाइट के नाम पर मर्डर भी होते हैं और मैं यह भी मानता हूं कि वहां पर पुलिस ने जघन्य अपराध किये हैं। वे मजदूरी मांगते हैं, गरीब लोग अपना हक मांगते हैं लेकिन उनको उनका हक नहीं दिया जाता है इसलिये वहां पर एक तरह का इकोनोमिक क्राइम भी होता है। बड़े लोग, भूस्वामी लोग गरीबों की झोंपड़ियों को उजाड़ देते हैं। उनको भगा देते हैं। रात के समय बन्दूक ले कर के आग लगा कर उनको टेरराइज कर के भगा देते है। यह बात होती हैं। बिहार में हुई हैं लेकिन आपको सुनकर ताज्जुब होगा कि पिपरा में जो कांड हुआ था उसमें 30–40 आदमियों को आजीवन कारावास हुआ है। बिहार सरकार ने मुस्तैदी से ऐसे तत्वों पर ऐसे भूस्वामियों पर जो गरीब तबके के लोगों पर क्राइम करते थे नियन्त्रण करने के लिये अगल-अलग विभाग बना कर और जिनकी कान्निवेंस से वे ऐसा करते थे उनको टाइट किया और पिपरा कांड में जहां हरिजन मारे गये थे वहां पर 30–40 आदमियों को आजीवन कारावास की सजा दिलवाई है। तो इस दिशा में सुधार हो रहा है। उत्तर प्रदेश के बारे में मेरी जानकारी इतनी नहीं है।

माननीय, दिल्ली एक ऐसी नगरी है जहां बड़े-बड़े लोग रहते हैं और

[श्री रामानन्द यादव]

यहां जो घटनाएं घटी हैं और जिस तरह से क्राइम हो रहा है यह दुख की बात है जो भी प्रशासन हो चाहे वह कांग्रेस का हो या जिसका हो सख्ती के साथ दिल्ली में क्राइम को रोकने की कोशिश करनी चाहिए। आज स्थिति यह है कि दिल्ली का पुलिस विभाग जो है वह एक्टिव नहीं है। उसमें भ्रष्टाचार फैल गया है। क्यों भ्रष्टाचार फैला है इसके भी कारण हैं। आज दिल्ली पुलिस का जो नीचे का तबका है, जो कांस्टेबल है उसके वेतन को आप देख लीजिए। हरियाणा का जो कांस्टेबल है उसकी तनख्वाह दिल्ली के कांस्टेबल से अधिक है। हरियाणा का जो थानेदार है उसको जितनी सुविधाएं मिलती हैं उससे कम दिल्ली में मिलती हैं। करप्शन तब होगा जब उसका पेट नहीं भरेगा। बड़े अधिकारी को तो हर तरह की सुविधाएं मिलती हैं, रहने की सुविधा है, दवादारू की सुविधा है, चलने के लिये वाहन की सुविधा है लेकिन जो नीचे के तबके का पुलिस कांस्टेबल है उसको ये सुविधाएं नहीं मिलती हैं। दिल्ली की आबादी इतनी बढ़ चुकी है जिसकी इंतहा नहीं लेकिन आपने अभी तक दिल्ली पुलिस बल में बढ़ोतरी नहीं की है। आप जानते हैं कि दिल्ली की आबादी करोड़ों में पहुंचने वाली है। आपने उस अनुपात में पुलिस बल में कितनी बढ़ोतरी की है? आपको चाहिए कि पुलिस की बहाली को अधिक करें। दिल्ली जैसे नगर में जहां वार्डर की स्टेट में एक कांस्टेबल को अधिक वेतन मिलेगा और दिल्ली में जो कि मंहगा शहर है जहां दूसरी भी कई प्रकार की परेशानियां हैं वहां वेतन कम मिलेगा तो वह पुलिस का कर्मचारी क्या करेगा? क्या पुलिस वाला घूस नहीं लेगा? इसलिये जरूरत इस बात की है कि पुलिस बल में अधिक से अधिक बढ़ोतरी की जाए, आप दिल्ली पुलिस में कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाइये और रिक्रूटमेंट कीजिए और उनको अधिकार भी ज्यादा दीजिये। आप उनको अधिकार भी नहीं देते हैं। मुझे यह जानकारी है कि जितना अधिकार आज उत्तर प्रदेश के एक कांस्टेबल को प्राप्त है दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल को उतना अधिकार प्राप्त नहीं है। जितना अधिकार उत्तर प्रदेश के एक दरोगा को है उतना अधिकार दिल्ली के दरोगा को नहीं है। यह पालिसी रखने से काम नहीं चलेगा।

दूसरी बात यह है कि दिल्ली में क्राइम वे लोग करते हैं जो काफी पढ़े लिखे लोग हैं और सम्पन्न घराने के लोग हैं। ये लोग सोफिस्टीकेटेड वेपंस को लेकर के क्राइम करते हैं इसलिये इन पर आपको किस तरह से नियन्त्रण करना है क्या आपने इस सम्बन्ध में विचार किया है? इनको क्राइम करने से किस तरह से वंचित करें, इस पर भी आपको सोचना चाहिए। एक बात और है पता नहीं आज क्या होता है। क्राइम में जो कारबाइन या राइफल यूज होते हैं, आर्मी का ग्रेनेड यूज होता है, देहात में बने हुये इंडीजिनियर्स पिस्टल और राइफल यूज होते हैं, मिलिटरी के गोदामों से चुराये हुये और पुलिस के गोदामों से चुराये हुये रिवाल्वर और राइफल यूज होते हैं, इन लूट-होल्ज को बन्द करने के लिये आप क्या कर रहे हैं? क्या आपने कभी इस पर विचार किया है? इस समस्या पर भी विचार किया जाए। क्या कारण है कि इतने हैंड ग्रेनेड यूज हुए। यहां जो दो सिनेमा हाल्ज में बम विस्फोट हुए आपने खुद स्वीकार किया कि पांच जगह दिल्ली में बम विस्फोट हुआ। और ऐसे लोगों ने अभी

दो दिन पहले दिन-दहाड़े घर में घुस करके एक महिला की हत्या कर दी। उसके सारे जेवर लूट कर ले गये, एक भूतपूर्व एम्बैसेडर की हत्या कर दी गई, पालम से आते हुये एक आदमी को मार दिया क्रिमिनल्स ने।

मैं एक बात और आपसे जानना चाहता हूं कि आप फिगर्स बताइये कि कितने डिटेक्शन आपने किये हैं? अब क्राइम तो हो जाता है, क्रिमिनल भाग जाता है, आप उसे डिटैक्ट नहीं कर पाते हैं।

आपने कितने केसेज प्रासिक्यूशन के चलाये हैं और कितने में आपको सफलता मिली है? आपके तो प्रासिक्यूशन भी सब फेल हो जाते हैं। आप किसी को सजा नहीं दिला पाते हैं। बिल्ला, रंगा के सिवाए दो एक और केसेज में आपको सफलता मिली है, लेकिन अमूमन दिल्ली के सभी क्राइम्स अनडिटेक्टेड चले जाते हैं। आप क्रिमिनल्ज का पता नहीं लगा पाते हैं।

यहां तो दिल्ली में यह हालत है कि गोली बीस गज, तो बन्दा तीस गज। क्रिमिनल को देखते ही पुलिस का अधिकारी दुम दबा कर भाग जाता है। क्राइम होता रहता है, पुलिस का अधिकारी मोहल्ले की बगल में खड़ा है, दो मिनट में पहुंच सकता है, पर नहीं पहुंचता है। इसका कारण क्या है? कारण यह रहता है कि उसके पास उतने लोग नहीं हैं, तथा जिस तरह से क्रिमिनल्स के पास सोफिस्टीकेटेड आर्म्स हैं, उनके पास नहीं हैं। (**समय की घंटी**) उन्हें सब सुविधाएं मिलनी चाहिए, उनको वाहन दिये जायें, उन्हें अच्छी तरह से आर्म कीजिए।

श्री उपसभापति : अब आप समाप्त कीजिए।

श्री रामानन्द यादव : मान्यवर, सीतलवाद पुलिस कमीशन के अध्यक्ष बनाये गये, खन्ना जी भी बनाये गये। अब सत्यपाल जी ने ठीक ही कहा है—भोजपुरी में एक कहावत है, पर मैं उसे कहना नहीं चाहता हूं—एडमिनिस्ट्रेटिव कण्ट्रोल आफ क्राइम और इनवेस्टिगेशन और प्रासिक्यूशन तो अलग है, लेकिन उसमें भी पुलिस का सहयोग रहता है। प्रासिक्यूशन में खन्ना जी ने भी कहा था तथा सीतलवाद जी ने भी कहा था, लेकिन आप लोग करते नहीं हैं।

मैं आप से जानना चाहता हूं कि क्या पुलिस के वरिष्ठ लोग जो थे, ऐसे अनुभवी पुरुष जो थे, उन लोगों की जो रिपोर्ट आई है पुलिस कमीशन की और खास करके क्राइम के सम्बन्ध में जो है, उसको लागू करेंगे और जहां तक प्रासिक्यूशन, इनवैस्टिगेशन और कण्ट्रोल का तो अलग है, इनवेस्टिगेशन अलग कर देना, प्रासिक्यूशन को भी कम्पलीट्ली अलग कर देंगे या इस बात पर विचार करेंगे? और दिल्ली पुलिस की तथा और लोगों की बहाली करने का विचार रखते हैं, दिल्ली पुलिस दल में बढ़ोत्तरी करने का क्या आपका विचार है? क्या आप दिल्ली पुलिस को माडर्न वैपंस और वाहन और नये उपकरण देने के लिये जिससे वह क्राइम को कण्ट्रोल कर सकें और ऐसे लेजिस्लेटिव अधिकार जिससे वह सक्षम हो क्राइम को कण्ट्रोल कर सकें, देने के लिये तैयार हैं?

क्या आप इस बात के लिये भी तैयार हैं कि इस बात की इन्क्वायरी करायें कि यह नये हैंडग्रेनेड, मिलिट्री का हैंड-ग्रेनेड और मिलिट्री की राइफल और मिलिट्री से तरह-तरह के जो हथियार निकल रहे हैं, वह क्रिमिनल्स के पास कैसे चले जाते हैं?

[श्री रामानन्द यादव]

ट्रेन में डकैती होती है, ट्रेन होल्ड-अप कर ली जाती है। (**समय की घंटी**) बैंक राबरी होती है...

श्री उपसभापति : अब आप खत्म कीजिए।

श्री रामानन्द यादव : करोड़ों रुपया बैंक का लूट लिया गया है।

श्री उपसभापति : आप सारे का सारा विवरण नहीं दीजिए।

श्री रामानन्द यादव : एक पोलिटिकल राबरी है—पोलिटिकल राबरी से संबंधित बंगाल है, लेकिन और सब जगह में तो ऐसी राबरीज हो रही हैं, जो क्रिमिनल्स करते हैं। तो मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या आप कोई ऐसा कमीशन बैठायेंगे जो इस बात की जांच करे कि मिलिट्री की आर्मरी से यह हथियार कैसे निकल जाते हैं ?

श्री उपसभापति : वह सवाल तो आपने पूछ लिया है ?

श्री रामानन्द यादव : नहीं, वह सवाल मैंने नहीं पूछा था कि यह ग्रेनेड उनके पास किस तरह से आये हैं। जैसे आपने बार्डर सिक्योरिटी फोर्स बनाई है या उसी तरह से बैंक्स की सिक्योरिटी के लिये बैंक सिक्योरिटी फोर्स बनायेंगे ? आज क्या होता है, राबर जाता है, 50 आदमी काम कर रहे होते हैं लेकिन डर के मारे बोलते नहीं हैं। अगर सिक्योरिटी फोर्स वैसी दे देंगे तो शायद वह कण्ट्रोल हो सकेगा। क्या आप इस बात की कोशिश करेंगे ? क्या जो बेकार पढ़े-लिखे नौजवान हैं और आज क्राइम करने में लग गये हैं क्या ऐसे नौजवानों को आप बेकारी भत्ता देने के लिये तैयार हैं ? क्या आप इस बात की भी कोशिश करेंगे कि देहातों और शहरों में जो कूड बाम्ब, बन्दूक और पिस्तौल बनाने के कारखाने हैं उन को बन्द करने के लिये कड़ी निगरानी रखने के लिये राज्य सरकारों को कहें ? क्या आप राज्य सरकारों को इस बात के लिये लिखेंगे कि एनकाउन्टर के नाम पर निरीह और गरीब लोगों की जो अपनी मजदूरी मांगते हैं, अपना हक मांगते हैं, उनकी हत्या न की जाय ?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The debate will continue.

सदन की कार्यवाही 2 बज कर 10 मिनट के लिये स्थगित की जाती है।

The House then adjourned for lunch at eleven minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirteen minutes past two of the clock. **The Vice-Chairman (Shri Syed Rahmat Ali)** in the Chair.

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति जी, मंत्री जी का यह कानून और व्यवस्था के संबंध में वक्तव्य है उसको देखने के पश्चात निराशा हुई। निराशा इस बात की कि जो देश के अंदर विभिन्न स्थानों पर कानून और व्यवस्था को समाप्त करने की दिशा में गुंडों और बदमाशों की तरफ से कोशिशें की जा रही हैं उनको रोकने की दृष्टि से क्या उपाय किये हैं सरकार ने उसके लिए क्या कदम उठाये हैं ऐसा कोई ठोस कदम इसमें नहीं सुझाए हैं। श्रीमन्, मैं जिस प्रदेश से आता हूं, उत्तर प्रदेश उसके बारे में मैं आप के माध्यम से सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि अभी पिछले सप्ताह में एक अंग्रेजी पत्रिका "आनलुकर" में उत्तर प्रदेश की सरकार के बारे में पूरा विवरण दिया है और उसमें दिया है कि उत्तर

प्रदेश में एक ही सरकार नहीं है बल्कि दो सामान्तर सरकारें चल रही हैं । यानी एक तो उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री श्रीपति मिश्र जी द्वारा संचालित सरकार है और दूसरी सरकार विशेषकर पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ गुंडों के द्वारा संचालित है । इसका परिणाम यह हो रहा है कि जो भी अधिकारी हैं चाहे वे पुलिस के अधीक्षक हों या जिले के जिलाधिकारी हों या थाने के थानेदार सभी उन लोगों के इशारे पर काम करने के लिए मजबूर हो रहे हैं और अगर उनके संकेत पर वे काम नहीं करते हैं तो वे वहां रह नहीं सकते । यह एक जबरदस्त प्रकार का आतंक अधिकारियों पर वहां व्याप्त है । इसका नतीजा यह हुआ है कि जगह-जगह डकैतियां, चोरियां और हत्याऐं हो रही हैं । मैं मंत्री जी से इस संबंध में कहना चाहूंगा कि क्या उत्तर प्रदेश के, जैसा मैंने पहले भी कई बार विशेषकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के बारे में ध्यान आकृष्ट किया है गुण्डे और बदमाशों के संबंध में, केन्द्रीय स्तर पर कोई इस प्रकार की व्यवस्था आप करेंगे कि उनको दण्डित किया जा सके यद्यपि इसका जवाब यही होगा कि वह राज्य का विषय है, किन्तु समवर्ती सूची के अंतर्गत होने के कारण यह मंत्री जी का दायित्व है कि अपने स्तर पर वहां कानून और व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए कदम उठायें ।

श्रीमन्, पिछली बार भी मैंने इस बात का संकेत किया था कि अब अपराध करने की प्रवृत्ति में थोड़ा सा फर्क हुआ है । गुण्डे और बदमाश तो आपरेट करते ही थे, लेकिन उनको प्रोत्साहन कुछ पुलिस कर्मी या प्रशासन के अधिकारी भी देते रहते थे । लेकिन पिछले कुछ महीनों में एक ऐसी स्थिति का निर्माण हुआ है कि जो पुलिस अधिकारी हैं वे स्वयं अपराध में लिप्त हो रहे हैं । पुलिस अपराध करवाती भी है और अपराध करने में लिप्त भी हो रही है । इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मैंने पिछली बार मंत्री जी को दिया था कि बस्ती जिले में सिसवा कांड और खजुवा कांड हुए । अभी मैं कानपुर गया हुआ था । कानपुर में राजपुर थाने के अन्तर्गत एक गांव में एक बड़े गरीब परिवार के घर में पुलिस के लोग घुसे । घर वालों ने प्रतिरोध किया । लेकिन वे जबरदस्ती घुस गये और उनको मारा, उनको बाहर किया, उस गरीब लड़के की बहू के साथ बलात्कार करने की कोशिश की, और लोग आ गये और पुलिस भाग गई । यह पुलिस की तरफ से किया जा रहा है । इस प्रकार के जो पुलिस कर्मियों द्वारा जो अपराध हो रहे हैं, क्या इस संबंध में सरकार कुछ अध्ययन करने की कोशिश कर रही है कि ऐसी अपराधिक मनोवृत्ति क्यों पैदा हुई । मेरा कहना यह है कि पुलिस की जो भरती हो रही है उसमें अपराध प्रवृत्ति के लोगों को भरती किया गया है और साथ ही साथ चाहे जिस भी दल के लोगों से वे संबंधित हों, जो जन-प्रतिनिधि हैं, वे भी उन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में सक्रिय हैं । क्या इस संबंध में सरकार की तरफ से जांच की गई है कि जो भी जन-प्रतिनिधि इस प्रकार की हरकत पुलिस को माध्यम बनाकर करने की कोशिश कर रहे हैं, उनको किसी न किसी रूप में दंडित किया जाए ?

श्रीमन्, अभी कुछ साम्प्रदायिक तनाव बढ़ा पूरे देश में । पूर्वी उत्तर प्रदेश लगभग इससे अछूता रहा करता था । पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक बहराइच जिला है, उसमें हमने कभी सुना ही नहीं कि वहां साम्प्रदायिक तनाव कभी हुआ । टांडा नामक नगरपालिका क्षेत्र में हिन्दू मुस्लिमों की

[श्री कलराज मिश्र]

संख्या बराबर है, लेकिन वे हमेशा सद्भाव से रहते थे । वह इलाका भी आज इस प्रकार के तनाव में ग्रस्त हुआ और वहां हरिजन घर जलाए गये प्रतिक्रिया स्वरूप मुसलमानों के भी घर जलाये गये । नतीजा यह हुआ कि निरपराध लोग उस से त्रस्त हुए । मऊनाथ भंजन में, राय साहेब उसी इलाके के रहने वाले हैं, साम्प्रदायिक तनाव पैदा हुआ और झगड़ा हुआ । यह बहुत वर्षों के बाद हुआ है । क्यों ये अपराध किए गए हैं । कम से कम टांडा के बारे में तो मैं इतना निश्चित रूप से कह सकता हूं कि अगर वहां प्रशासन ठीक होता तो गुण्डे वहां बदमाशी नहीं कर सकते थे । स्थिति सामान्य हो सकती थी, लेकिन लोगों की भावना पर कुठाराघात हुआ परगनाधिकारी द्वारा मूर्ति को अपमानित करके । जिसका परिणाम यह हुआ कि लगभग 26-27 आदमियों के घर जलाये गये और उसकी प्रतिक्रिया में कुछ लोगों ने गांव में जाकर मुसलमानों के घर जला दिये । आज भी वहां तनाव बना हुआ है । बहराइच के बारे में मैं जरूर कहूंगा कि वहां के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक ने बड़ी ही दृढ़ता का परिचय दिया । उन्होंने इस प्रकार का तनाव पैदा करने वाले एक सम्प्रदाय के वकील को तुरन्त कारागार भेज दिया गया तथा कड़ाई के साथ स्थिति को नियंत्रित किया लेकिन उन दुष्ट व्यक्तियों को भी छुड़ाने की कोशिश की जा रही है उनको संरक्षण प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है । इन दोनों घटनाओं का जो नेचर है उसको देख कर क्या जो उपद्रवकारी हैं उनके खिलाफ मंत्री जी केन्द्रीय सरकार की हैसियत से राज्य सरकार को निर्देशित करेंगे कि इस प्रकार के लोगों को दंडित किया जाए ? ये जो घटनाएं हुई हैं इन घटनाओं के बारे में भी जांच करने की आवश्यकता है । ये घटनाए क्यों होती हैं ? इन घटनाओं को लोग जानबूझ कर करा रहे हैं । इन घटनाओं की जांच के लिये उत्तर प्रदेश की सरकार ने कहा कि हम मजिस्ट्रेरियल इंक्वायरी करा रहे हैं । उसी मजिस्ट्रेट से इंक्वायरी कराई जा रही है जिन्होंने गड़बड़ की है । जब ऐसे लोगों से जांच कराई जायेगी तो ऐसे लोगों को दोषारोपित करने की कोशिश की जायेगी जिनका इन से दूर का रिश्ता भी नहीं है । मैं ऐसे व्यक्ति को जानता हूं कि वह अपने घर पर बैठा हुआ था उक्त घटना से उनका कोई संबंध नहीं है लेकिन उसके घर जा कर और उसको जबर्दस्ती पकड़ कर जेल में डाल दिया गया । उसके ऊपर कोई आरोप नहीं है । सम्मानित व्यक्ति है । इस प्रकार की हरकतें कराई जा रही हैं और उत्तर प्रदेश में विशेषतौर से कराई जा रही हैं इसके कारण स्वाभाविक रूप से तनाव में वृद्धि हो रही है । अभी मंत्री जी ने बताया कि ला एंड आर्डर की सिच्युएशन बड़ी अच्छी बनती जा रही है । आज सामान्य मनःस्थिति यह बन गई है कि कोई घर से निकलता है, घर से बहू बेटी बहनें या बाकी के लोग निकलते हैं तो उनको लगता है कि घर में वापस आ भी पायेंगे या नहीं । अभी सत्यपाल जी ने उदाहरण दिया कि सिनेमा देखने एक परिवार गया, और उसकी क्या दुर्दशा हुई कहा नहीं जा सकता । यह स्थिति पूरे देश की बनी हुई है । मैं पंजाब और असम के बारे में वर्णन नहीं करना चाहता हूं । इस पर कई बार चर्चा हो चुकी है । मैं दिल्ली के संबंध में जरूर यह कहना चाहूंगा कि दिल्ली के बारे में यह कहा जा रहा है कि कानून और व्यवस्था अच्छी है । मैं यह कहना चाहता हूं कि पिछले 6 महीनों में सात बार बम विस्फोट हुआ ।

केवल बम विस्फोट ही नहीं, हत्याएं हुई हैं, अपहरण की घटनाएं तो सामान्य हैं। यह सारी हरकतें दिल्ली के अंदर होती हैं। चोरी, डकैती, बैंक राबरी आदि घटनाएं तो हर सप्ताह और हर तीसरे चौथे दिन होती रहती हैं। इस सब के बावजूद यदि यह जवाब दिया जाता है कि ला एंड आर्डर की स्थिति अच्छी है तो कितनी शर्म की बात है। मई महीने में कनाट प्लेस में वातानुकूलित सुपर बाजार में बहुत जबर्दस्त विस्फोट करने की साजिश की गई थी। बम पकड़ा गया और उसमें एक चिट पर यह लिखा गया था कि मणिपुर के जो पीपल्स लिबरेशन आर्मी के लोग हैं उनकी तरफ से इस प्रकार की घटना करने की कोशिश की गई है। इन उग्रवादियों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने कोई कदम उठाया ऐसा नहीं लगता। मैं यह जानना चाहता हूं कि इस समय लगातार अपराध बढ़ते जा रहे हैं उनको रोकने के लिये सरकार ने क्या विशिष्ट कदम उठाये हैं? अगर वह विशिष्ट कदम जो उन्होंने उठाये हैं उनको नम्बरवाइज बता दें तो मैं समझूंगा कि उन्होंने कुछ काम किया है। जो इनको जनरलाइज कर दिया जाता है यह उचित नहीं है दिल्ली सुलतानपुरी मोहल्ले में अभी सितम्बर मास में फायरिंग हुई। इस संबंध में पुलिस ने कहा हमारे पास अश्रुगैस के सैल नहीं थे इसलिये हमने गोली चला दी। यह इनका जवाब है, अश्रुगैस नहीं इसलिए गोली चला दी। लोगों की जान चली गई। क्या इतनी सस्ती है लोगों की जान। मैं यह कहना चाहता हूं कि पुलिस ने इस बात को स्वीकार किया तो सरकार ने उनके खिलाफ क्या कार्यवाई की। इसकी जांच कराई या नहीं। इस बात को भी सामने उभर कर आना चहिये तभी हम समझेंगे आप ने कुछ किया।

